# स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ,राजस्थान

**PROVINCIAL ASSOCIATION OF PRIVATE EDUCATIONAL INSTITUTIONS**

वैदिक कन्या महाविद्यालय,राजापार्क, जयपुर–302004 फोनः– 0141–2622055

email: swayamsevirajasthan@gmail.com

क्रमांक : स्.से.शि.सं.सं.रा./          /2014                                                    दिनांक : 09.09.2014

## उप चुनाव के बाद मुख्यमंत्री से वार्ता होगी

स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ राजस्थान की मांग पर फीस निर्धारण समिति ने फॉर्मेट जमा कराने के लिए एक मास की तारीख बढ़ाई, सी.ए. द्वारा प्रस्तावित आय–व्ययक को सत्यापित कराने की बाध्यता समाप्त की एवं जिला कमेटी घठित करने की घोषणा की।

स्वयंसेवी शिक्षण संस्था संघ के उपाध्यक्ष एवं झुंझुनू की निजी शिक्षण संस्थाओं के अध्यक्ष सज्जनसिंह पूनिया ने 8 सितम्बर को 1000 स्कूल संचालको के साथ मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे से मिले और निजी शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया और आश्वासन दिया कि निजी शिक्षण संस्थाओं पर दमन नहीं होगा और उनकी न्यायोचित मांगो पर सहनूभुति पूवर्क विचार किया जायेगा। मुलाकात के समय सांसद कर्नल सोनाराम, और स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्रसिंह राठौड ने कहा कि उप चुनाव के बाद मुख्यंमत्री से मिलकर निजी शिक्षण संस्थाओं की समस्याओं पर वार्ता सम्भव हो सकेगीं।